हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 11 जुलाई 2025


06 बारिश ने बजाई खतरे की घंटी, बान सुजारा से...



07 कर्ता करे ना कर सके, पर गुरु किए सब होए, सात...





## खबर संक्षेप

### मतदान दिवस पर कर्मचारियों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**सागर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध) हेतु मतदान की तिथि 22 जुलाई घोषित की गई है। इस संबंध में जनपद पंचायत, सागर के मतदान केन्द्रों पर कार्यरत दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं अन्य संस्थानों में नियोजित कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। श्रम पदाधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय, सागर संभाग द्वारा बताया गया है कि निर्वाचन आयोग एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), जिला सागर के निर्देशानुसार ऐसे सभी नियोजित कामगार, जो मध्यप्रदेश राज्य के मतदाता हैं, उन्हें मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा।

### विश्व जनसंख्या माह के अंतर्गत जन जागरूकता रैली आज

**सागर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 जुलाई से 11 अगस्त तक विश्व जनसंख्या माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जनसंख्या स्थिरीकरण एवं परिवार नियोजन के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह रैली 11 जुलाई को प्रातः 11 बजे जिला चिकित्सालय सागर से प्रारंभ होकर मेडिकल कॉलेज सागर से होते हुए पुनः जिला चिकित्सालय सागर परिसर में समाप्त होगी। इस अभियान में चिकित्सक, नर्सिंग ऑफिसर, ए.एन.एम., नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी, एम.पी.डब्ल्यू. एवं शहरी क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

### अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक दिनांक 14 जुलाई को

**सागर।** कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला अन्तर्विभागीय समन्वय समिति (जन्म-मृत्यु पंजीयन) की बैठक दिनाक 14 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम जन्म और मृत्यु पंजीयन नियम 2024 पर जन्म-मृत्यु की घटनाओं का समय पर रिपोर्टिंग करने एवं शत-प्रतिशत ऑन लाईन जन्म मृत्यु पंजीयन कर समय सीमा में प्रमाण पत्र प्रदान करना, जन्म-मृत्यु पंजीयन संबंधी रिकार्ड स्थाई रूप से संघारित एवं सुरक्षित रखना, वर्षवार डिजिटिलाईज्ड रिकार्ड की जानकारी चिकित्सालयों द्वारा मृत्यु के कारणों का चिकित्सीय प्रमाण पत्र फार्म-04 एवं 4ए भेजने बाबत, मासिक प्रतिवेदन, लोकसेवा केन्द्र पर प्राप्त जन्म/मृत्यु/विवाह आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की समीक्षा, जन्म/मृत्यु/ विवाह पंजीयन से संबंधित सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा पर चर्चा की जाएगी।

**कलेक्ट्रेट भवन में आकार ले चुका है वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम**

# कलेक्टर की पहल लाने लगी रंग, जिले के शासकीय भवनों सहित निजी भवनों में बन रहे हैं वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिले में जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आकार ले रहे हैं। वहीं कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन, नगर निगम कार्यालय सहित जिले के नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आकार ले रहे हैं।

कलेक्टर संदीप जी आर ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में बनवाए गए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इसी प्रकार का सिस्टम सभी शासकीय भवनों में बनाया जावे एवं सभी नगरीय निकायों में भवन अनापत्ति प्रमाणपत्र तभी जारी करें जब सभी नए भवनों में उक्त सिस्टम तैयार किया जा चुका हो। इसी प्रकार पुराने सभी बड़े निजी भवनों में भी यह सिस्टम बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सिस्टम सभी जगह तैयार होने से हमारे घर कार्यालय की छतों का पानी इस सिस्टम में एकत्र होगा जिससे न केवल भू जल स्तर बढ़ेगा बल्कि



इसके सम्पवैल के कारण इस भूजल का उपयोग अन्य कार्यों में भी किया जा सकेगा। जिससे शुद्ध पेयजल की बचत होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का वाटर जिले के सभी विद्यालयों, पंचायत भवनों, सभी शासकीय भवनों एवं निजी भवनों में बनने चाहिए। जल है तो कल है और जल का आज संरक्षण करेंगे तो कल बेहतर होगा। इसी सोच के साथ कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने जिलेवासियों से जल संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुए रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाने की अपील की है। उन्होंने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा है कि प्रत्येक सरकारी भवन में वर्षा जल पुनर्भरण टैंक बनवाए जा रहे हैं। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह आम नागरिक भी अपने घरों , अन्य भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए कार्य करें जिससे कि भविष्य में जल संवर्धन और क्षेत्र के भूजल स्तर में सुधार हो सकेगा।

### कलेक्टर की पहल

जिले के भूजल स्तर को बेहतर करने की दिशा में कलेक्टर संदीप जी आर विशेष कार्य कर रहे हैं। रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिए सभी शासकीय कार्यालयों में केवल रिचार्ज पिट ही नहीं बल्कि टैंक बनवाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने घरों, कार्यालयों, भवनों को भी इसी प्रकार तैयार करने की अपील की है। जिससे भविष्य में जिले में भूजल के स्तर को बेहतर किया जा सके और जिले को आसानी से पानी उपलब्ध कराया जा सके। जिलेवासियों की जागरूकता से ही यह सुनिश्चित किया जा सकेगा। स्कूलों में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की प्रक्रिया चल रही है। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने पर संबंधित जगह के आस-पास के क्षेत्र में भूजल के स्तर की गिरावट पर रोक लगती है और क्षेत्र में जो जल स्त्रोत होता है, वह रिचार्ज हो जाता है, जिससे उसमें पानी लगातार आता रहता है।



## संस्कार, शिक्षा व चरित्र निर्माण में गुरुजनों की होती भूमिकाः पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने गुरु परंपरा के इस पावन पर्व पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्कार, शिक्षा एवं चरित्र निर्माण में गुरुजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस प्रेरणादायी अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आवागमन हेतु नवीन बस का पूजन विधिवत रूप से संपन्न हुआ। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को संस्कारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। व्यवस्थापक मनोज तिवारी ने कहा कि ज्ञान का पहला स्त्रोत किताबें नहीं, एक सच्चे गुरु का सान्निध्य होता है। इस अवसर पर विवेकानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष रवींद्र जैन, महेंद्र जैन सेठ, नगर मण्डल अध्यक्ष भाजपा हरिनारायण पटेल, जिला पंचायत सदस्य संतोष पटेल, पं.नीलेश दुबे, प्राचार्य संजय सिंह के साथ साथ, प्रधानाचार्य, आचार्य दीदी जन, भैया बहिनों की उपस्थिति रही।



## महाविद्यालय में किया गया गुरुओं का सम्मान

**गढाकोटा।** गुरूवार को गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर शास पीजी महाविद्यालय गढ़ाकोटा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सिन्हा ने की एवं इस अवसर पर गढ़ाकोटा नगर के राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदत्त शिक्षाविद वरिष्ठ एवं सेवानिवृत शिक्षक रेवाराम रावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. किशोरी सोनी ने सभी का स्वागत करते हुए माता सरस्वती के वंदन के उपरांत गुरु के महत्व को बताते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन में सभी शिक्षकों, महाविद्यालय परिवार एवं मुख्य अतिथि का स्वागत किया एवं वर्तमान परिदृश्य में गुरु की महत्ता एवं उपयोगिता के बारे में बताया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे रावत ने महाभारत के दृष्टांत से छात्र-छात्राओं को गुरु की कृपा के बारे में अवगत कराया ।महाविद्यालय के प्राध्यापक विनोद बागड़े, बृजलाल, रचना जैन, सचिन पाल ने अपने उद्बोधन से गुरु की महिमा का गुणगान किया। छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार एवं गीत के द्वारा गुरुओं की महानता का वर्णन किया । महाविद्यालय के प्राध्यापक पुष्पेंद्र बर्मन ने इस कार्यक्रम का संचालन किया एवं प्राचार्य द्वारा समस्त महाविद्यालय परिवार को पेन एवं डायरी देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के अंत में शिम्पी मौर्या ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## हितग्राहियों को तीन माह का राशन प्राथमिकता से मुहैया कराएंः कमिश्नर अनिल सुचारी

### राशन वितरण में छतरपुर और टीकमगढ़ की स्थिति खराब, कमिश्नर ने व्यक्त की नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने हितग्राहियों को एकमुश्त तीन माह का राशन प्राथमिकता के साथ मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता अथवा लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि शासन के निर्देशानुसार हितग्राहियों को जून, जुलाई और अगस्त माह का खाद्यान्न एक साथ देना है। उन्होंने कहा है कि यह योजना शासन की अति प्राथमिकता वाली योजना है इस योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को तीन माह का खाद्यान्न एक मुस्त मुहैया कराएं। कमिश्नर ने कहा है कि टीकमगढ़ एवं छतरपुर जिले में खाद्यान्न वितरण की स्थिति खराब है। इस योजना का क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश मंगलवार को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने हितग्राहियों की ई केवाईसी करने की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि हितग्राहियों के केवाईसी करने के कार्य को तेजी से पूरा किया जाए।



बैठक में कमिश्नर ने मत्स्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना की अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने कहा है कि इन दोनों योजनाओं का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें। बैठक में उपसंचालक मत्स्यउद्योग ने बताया कि सागर संभाग में 10 हजार 400 लाख स्पान उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में कमिश्नर ने मछुआ परिवारों को क्रेडिट कार्ड प्राथमिकता के साथ मुहैया करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री राकेश शुक्ला एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रेलवे गेट नं 28 पर बने ब्रिज का लोकार्पण 12 जुलाई को

**सागर।** कलेक्टर की सतत मॉनिटरिंग एवं दिशा निर्देश के चलते 12 जुलाई को उपनगर मकरोनिया से सदर को जोड़ने वाला रेलवे गेट क्रमांक 28 पर बने ब्रिज का लोकार्पण लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह करेंगे। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि रेलवे गेट क्रमांक 28 जो को मकरोनिया से सदर को जोड़ता है और इसमें लगभग 70 हजार व्यक्ति प्रभावित हो रहे थे और यह ब्रिज लंबे समय से निर्माणाधीन था जिसकी लगातार अधिकारियों के साथ मीटिंग की गई एवं इसकी मॉनिटरिंग की गई। इसी प्रकार रेलवे के अधिकारियों से भी लगातार मीटिंग करने के उपरांत कार्य पूर्ण हो सका। ब्रिज का लोकार्पण 12 जुलाई को किया जायेगा। जिससे 70 हजार से अधिक नागरिक लाभान्वित होंगे एवं शहर का ट्रैफिक दबाव होगा कम होगा। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि उपनगर मकरोनिया से सदर को जोड़ने वाला रेलवे गेट नं. 28 पर बनने वाला रेलवे ब्रिज लंबे समय से निर्माणाधीन था जो कि अब पूर्ण हो चुका है। बता दें की 4309.24 लाख रुपए (रेल्वे भाग सहित) की लागत राशि से बनने वाले इस ब्रिज की कुल लंबाई लंबाई 884.78 मीटर है।






## नाली निर्माण न होने के कारण घरों में भर रहा है बारिश का पानी

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में हो रही बारिश के चलते नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश का भारी पानी भराव का खबरें आ रही है । इसी क्रम में झागरी ग्राम पंचायत के ग्राम बम्होरी खेड़ा पठरिया में लग भग 10 अहिरवार परिवार निवासरत है जिनके मकानों में के पास नाली न होने के कारण थोड़ी ही बारिश में उनके घरों में पानी भर जाता है । इन लोगों के द्वारा सरपंच सहित सचिव को अपनी परेशानी बताई लेकिन कुछ नहीं हुआ । ग्रामीणों ने अब जिले के कलेक्टर से गुहार लगाई है कि हमारे घरो के नाली निर्माण करवा दें जिससे इस समस्या से निजात मिल जाए।





**रहली।** विकास खंड के सभी स्कूलों में गुरुपूर्णिमा पर्व मनाया गया ।जन शिक्षा केंद्र के सभी स्कूलों में बीएसी और जन शिक्षको के द्वारा भ्रमण कर निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। छपरा में बीएसी कमल चंद्र जैन छिरारी जनशिक्षक राजेश तिवारी, चादपुर से भरत शुक्ला, पटना बुजुर्ग में राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र तंतुयाय ,पवन पांडे, जागेश्वर दुबे ,राजेश जैन ,कमलेश खरे दीपक मिश्रा, इमरान खान, रामसरुप प्रकाश पटेल द्वारा अनेक स्कूलों का निरीक्षण किया गया।

**छावनी परिषद के नामित सदस्य व अधिकारियों के साथ केंट क्षेत्र का मौका सत्यापन सर्वे कार्य प्रारम्भ कराया**

# केंट एरिया के नगर निगम में प्रस्तावित विलय हेतु मौका सत्यापन सर्वे कार्य के परिपेक्ष्य में निगमायुक्त राजकुमार खत्री की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

रक्षा मंत्रालय, केंटोनमेंट बोर्ड छावनी परिषद के सिविल एरिया का नगर निगम में विलय प्रस्तावित है। उक्त विलय संबंधी कार्यों हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार गठित समिति द्वारा स्थल निरीक्षण कर मौका सत्यापन सर्वे कार्य के परिपेक्ष्य में नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड राजकुमार खत्री की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी कार्यालय में बैठक आहूत की गई। छावनी परिषद के नामित सदस्य प्रभुदयाल पटेल, आर्मी स्टेशन हेडक्वार्टर के प्रतिनिधि हवलदार एस आर साई, डीईओ भोपाल कार्यालय से एसडीओ पवन त्यागी, सब इंजिनियर केंटोनमेंट बोर्ड सागर मिलिंद सिंह सहित तहसीलदार सागर नगर, नगर निगम के इंजीनियर्स आदि की उपस्थिति में हुई इस बैठक में केंट के लगभग 4 हजार एकड़ कुल क्षेत्रफल में कृषि लीज क्षेत्र, सिविल रहवासी क्षेत्र, आरक्षित क्षेत्र, अतिक्रमण क्षेत्र आदि विभिन्न प्रकार के वर्तमान भूमि उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई। केंट के कुल एरिया में से नगर निगम में विलय हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल का स्थल निरीक्षण कर मौका सत्यापन सर्वे कार्य प्रारम्भ करने का निर्णय सर्वसम्मती से इस बैठक में लिया गया। बैठक के पश्चात निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने छावनी परिषद के नामित सदस्य श्री प्रभुदयाल पटेल एवं उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों के साथ केंट क्षेत्र अंतर्गत कगदयाऊ घाटी रोड के आसपास एवं जोगर्स पार्क के आगे कृषि क्षेत्र पर पहुंचकर मौका सत्यापन सर्वे कार्य प्रारम्भ किया। निगमायुक्त ने स्थल निरीक्षण के दौरान उक्त कृषिलीज भूमि पर बने मकानों में कुल रहवासियों की संख्या, उनके बोटर कार्ड, आधार कार्ड आदि लीगल डॉक्युमेंट देखने सहित विभिन्न जानकारियां ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित तहसीलदार सागर नगर, पटवारी आदि रिवेंन्यु विभाग के सदस्यों, छावनी परिषद एवं नगर निगम के सदस्यों की एक सयुक्त टीम बनाकर डोर टू डोर सर्वे कार्य समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की इस डोर टू डोर सर्वे से वर्तमान भूमि उपयोग और आवादी बसाहट की वास्तुस्थिति से हम सभी अवगत होंगे और जमीनी हकीकत सहित जानकारी की एक विस्तृत रिपोर्ट बनाकर शासन स्तर पर प्रस्तुत की जा सकेगी।




## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2025- 26 /7 — **सूचना** — सागर दिनांक 03/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

| प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम म.न./प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/ वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|
| 491 25/26 | सन्तकबीर | मृत्यु प्रमाण, शपथ पत्र | नत्थू उर्फ़ नाथूराम पिता स्व. बूटे एवं नन्ना उर्फ़ नन्हेलाल पिता स्व. बूटे कोरी | लीलाधर पिता स्व. नाथू उर्फ नाथूराम एवं गनेश प्रसाद, बाबूलाल पिता स्व. नन्ना उर्फ नन्हेंलाल कोरी |
| 492 25/26 | सन्तकबीर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | गौराबाई पति स्व. शोभाराम एवं महाराज सिंह, जगतराज सिंह पिता स्व. शोभाराम यादव | अभिषेक पिता नरेंद्र कुमार साहू |
| 493 25/26 | अम्बेडकर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | सचिन पिता राकेश कुमार जैन | निशा सिंह पति हीरालाल मीना |
| 494 25/26 | बाघराज | रजि बैनामा, शपथ पत्र | नंदकिशोर पिता स्व. गोरेलाल रैकवार | गोमतीबाई पति हरिशंकर रैकवार |
| 495 25/26 | तिली | रजि बैनामा, शपथ पत्र | अल्का पति रूपेश सोनी | शोभारानी पति महेश खरे |
| 496 25/26 | तिली | रजि बैनामा, शपथ पत्र | मैसर्स आसन एजुटेक एंड इन्फ्राकॉन प्राई. लिमि. द्वारा आदित्य सिंह, आकाश सिंह पिता गोविंद सिंह राजपूत | बर्षा पति सुरेश यादव |
| 497 25/26 | तिली | रजि बैनामा, शपथ पत्र | विभा पति राजेश कुमार मिश्रा | माया पति संजय चौबे |
| 498 25/26 | शिवाजी | रजि बैनामा, शपथ पत्र | नर्मदा प्रसाद पिता स्व. जगन्नाथ प्रसाद विश्वकर्मा | मनीषा, ममता पिता स्व. नर्मदा प्रसाद विश्वकर्मा |
| 499 25/26 | रामपुरा | मृत्यु प्रमाण पत्र, रजि बटवारा, शपथ पत्र | खेमचंद पिता धर्मचंद जैन | मनोज कुमार, विक्रांत, मनीषा, मोना पिता स्व. खेमचंद जैन |
| 500 25/26 | केशवगंज | रजि बैनामा, शपथ पत्र | राम सेवक पिता हरप्रसाद यादव | राजेंद्र प्रसाद पिता हरिराम यादव |

**आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर**

## खबर संक्षेप

### कार्यकारिणी घोषित होने के बाद हुई पहली बैठक

**विदिशा।** दुर्गा नगर मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित होने के बाद पहली बैठक भाजपा जिला कार्यालय में हुई। विधायक मुकेश टंडन ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते अनुशासन में रहकर कार्य करने और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। शैलेंद्र सिंह भदौरिया, रामनारायण विश्वकर्मा समेत कई नेता उपस्थित रहे। संचालन सुरेंद्र सिंह चौहान ने किया और आभार महामंत्री रामप्रसाद पासी ने व्यक्त किया।

### नवजात बच्चों को न्यूबोर्न बेबी किट वितरित किए

**विदिशा।** महावीर इंटरनेशनल केंद्र स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह मना रहा है। बुधवार को जिला चिकित्सालय के प्रसूति वार्ड में 50 नवजात शिशुओं को हाइजीनिक न्यूबोर्न बेबी किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में केंद्र अध्यक्ष वीर राजकुमार गुप्ता, जॉन चेयरपर्सन वीर जीएस चौहान, सचिव वीर सुनील जैन, कोषाध्यक्ष वीर अवनेश जैन, वीरा रेखा गुप्ता सहित जिला चिकित्सालय की डॉ. रेणु सोनकर, वार्ड इंचार्ज ज्योति शर्मा, छाया, मोनिका उईके और आया अजुद्धी बाई उपस्थित रहीं। महावीर इंटरनेशनल की देश में 400 से अधिक शाखाएं और 12,000 सदस्य हैं।

### दो घंटे में नाबालिग को खोजकर सौंपा

**विदिशा।** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत सिविल लाइन पुलिस ने एक नाबालिग बालक को सिर्फ़ दो घंटे में परिजनों से मिलाया। 8 जुलाई को ग्राम धतुरिया क्षेत्र में रास्ता भटककर अकेला घूमते बालक को एफआरबी-04 ने थाना लाकर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने बच्चे से पहचान और घर का पता लगाया। परिजनों को सूचना दी गई और वे तत्काल थाना पहुंचे। प्रक्रिया के बाद बच्चे को सुरक्षित सौंप दिया गया।

---

## रात 10 बजे तक 9 गेट खुलने से नदियों में बढ़ सकता है 10 फीट जलस्तर

# बारिश ने बजाई खतरे की घंटी, बान सुजारा से छोड़ा जाएगा अतिरिक्त पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में बीते कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश का कहर अब धसान नदी पर साफ दिखाई देने लगा है। तेज बारिश के चलते नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बही दूसरी ओर बान सुजारा बांध में लगातार हो रहे जलभराव की खतरनाक स्थिति को देखते हुए रात 10 बजे तक बांध के 9 गेट खोले जाने के निर्णय से नदियों का जलस्तर बढ़ना निश्चित है। बान सुजारा परियोजना के एसडीओ आरएस शेजवार ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में सुजारा बांध के दो गेट खुले हुए हैं, लेकिन जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बांध की संरचना और आसपास की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अब सात अतिरिक्त गेट भी खोले जाएंगे। प्रत्येक गेट को 0.5 मीटर तक खोला जाएगा, जिससे धसान नदी में करीब 540 क्यूसेक पानी



छोड़ा जाएगा।

विशेषज्ञों के अनुसार पानी छोड़े जाने के बाद धसान नदी का जलस्तर 8 से 10 फीट तक बढ़ सकता है, जिससे नदी किनारे बसे क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसको लेकर प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी के आसपास न जाएं और पूरी तरह सतर्क रहें। मछली पकड़ने, पशु चराने या अन्य कारणों से नदी किनारे जाने वालों को फिलहाल पूरी तरह रोकने के निर्देश जारी किए गए हैं। इससे पहले सोमवार रात भी बारिश के चलते सुजारा बांध के सात गेट खोले गए थे। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में और बारिश की संभावना जताई गई है, ऐसे में प्रशासन ने निचले इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है। सभी संबंधित विभागों को स्थिति पर नजर रखने और संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय प्रशासन ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि जलस्तर के बढ़ने की स्थिति में किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल अधिकृत सूचना स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें। जिले के आपदा नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया गया है और त्वरित प्रतिक्रिया दल भी अलर्ट मोड पर है।

---

## साइबर सेल की मदद से मिली पुलिस को सफलता

# पुलिस की सतर्कता से अपहृत नाबालिग पहुंची सकुशल घर



**टीकमगढ़।** जिले की बुडेरा पुलिस ने एक अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल ढूंढ़कर परिजनों के हवाले किया है। इस कार्रवाई में साइबर सेल की तकनीकी मदद निर्णायक साबित हुई। नाबालिग के अपहरण की खबर के बाद सक्रिय हुई पुलिस टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर कुछ ही समय में बालिका को बरामद कर लिया। महिला एवं बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की नीति के तहत जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि गुमशुदा और अपहृत नाबालिगों की तलाश प्राथमिकता से की जाए। इसी निर्देश के तहत यह कार्रवाई अंजाम दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी के मार्गदर्शन में बुडेरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक अंकित दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अपराध के तहत अपहृत बालिका की तलाश शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और साइबर सेल की सहायता से संभावित स्थानों की पहचान की गई। टीम ने दबिश देकर बालिका को सुरक्षित बरामद किया और उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस पूरे ऑपरेशन में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक नगाइच, सहायक उप निरीक्षक चुन्नूलाल समुद्रे, प्रधान आरक्षक विजय वर्मा, आरक्षक संजय बुंदेला, मोहित, ऋषि प्रताप सिंह, चंद्रभान राजपूत, महिला आरक्षक अनुशा बुंदेला व मोहिनी तथा आरक्षक चालक सुभाष की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने इस त्वरित और प्रभावशाली कार्रवाई के लिए पूरी टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है।

---

## विश्व शांति और अष्टानिका महापर्व पर सकल जैन समाज का आयोजन

# अजनोर में बिखरी मंत्र और दीपों की आभा नंदीश्वर विधान में उमड़ा श्रद्धा का सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

विश्व शांति एवं अष्टानिका महापर्व के पावन अवसर पर ग्राम अजनोर में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से नंदीश्वर दीप विधान का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में अजनोर सहित बड़ागांव और टीकमगढ़ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल अभिषेक एवं शांतिधारा से हुई, जिसके पश्चात विधानाचार्य पंडित वीरेंद्र शास्त्री के निर्देशन में सम्पूर्ण विधान विधिपूर्वक संपन्न कराया गया। पूरे आयोजन में मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन और देववंदना की पवित्र ऊर्जा ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। द्रव्य प्रदाता के रूप में



प्रसन्न जैन सोनू बड़ागांव एवं सेठ हरिश्चंद्र जैन बंडा ने सहभागिता निभाई। धार्मिक सेवा और आयोजन की व्यवस्थाओं में इनका योगदान उल्लेखनीय रहा। इस आयोजन में शिखर चंद्र जैन, डॉ. कोमल चंद्र जैन, प्रभात जैन, अनुराग जैन, आकाश जैन, हीरालाल जैन, अजीत जैन, राजकुमार जैन, दीपक जैन, प्रकाश चंद जैन, बल्लू सौरभ जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अहिंसा युवा मंडल के कार्यकर्ताओं ने पूरे आयोजन की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाई। समापन के अवसर पर समाजजनों ने इस प्रकार के आयोजन को आध्यात्मिक जागरण का माध्यम बताया और ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया।

---

तीन बड़ी चोरी की घटनाओं का खुलासा कर पकड़े चार आरोपी

# देहात थाना प्रभारी ने एक के बाद एक खोले तीन वारदातों के राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़






चोरी की बढ़ती वारदातो पर नकेल कसते हुए देहात थाना पुलिस ने एक के बाद एक तीन अलग-अलग चोरी की वारदातों का पर्दाफाश कर चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इन आरोपियों से करीब 2 लाख 75 हजार रुपये का चोरी गया सामान बरामद किया है, जिसमें एलईडी टीवी, प्रिंटर, टैक्सी वाहन, गेहूं और महुआ की बोरियां शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मडलोई के निर्देश पर देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव द्वारा की गई। जिनके द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को संपत्ति संबंधी अपराधों के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए गए थे। उसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में देहात थाना पुलिस ने कार्यवाही को अंजाम दिया।

सूत्रों से प्राप्त सूचना पर पुलिस ने आशीष यादव, निवासी पहाड़ी खुर्द को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने 23 मई को कलेक्ट्रेट के सामने स्थित एक दुकान से एलईडी टीवी, कूलर, प्रिंटर और फिंगर डिवाइस चोरी करना कबूल किया। इस वारदात में उसके साथ अभिषेक यादव और प्रवेश यादव भी शामिल थे। यही नहीं बल्कि आरोपियों द्वारा देहात थाना क्षेत्र में की गई दो अन्य चोरियों में भी अपनी संलिप्तता स्वीकारी है, जिसमें 20 बोरी गेहूं, 6 बोरी महुआ और एक टैक्सी वाहन की चोरी शामिल है। साथ ही, 5-6 जुलाई की रात एक मेडिकल स्टोर से नकदी चोरी की वारदात भी इसी गिरोह ने अंजाम दी थी। पूछताछ में यह बात भी सामने आई है कि ये आरोपी टीकमगढ़ के अन्य थाना क्षेत्रों में भी चोरी की कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। देहात पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों में ईशु यादव भी शामिल है, जो इसी गिरोह का हिस्सा था।

---

## कानून व्यवस्था के नए प्रहरी बने 21 नव आरक्षको को सौंपे नियुक्ति आदेश

# पुलिस बल की रीढ़ होते हैं आरक्षकः पुलिस अधीक्षक मंडलोई



**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक औपचारिक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा 21 नव नियुक्त आरक्षकों को नियुक्ति आदेश प्रदान किए गए। इस गरिमामय अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान सहित कार्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा नव आरक्षकों के विभाग में प्रथम प्रवेश के उपलक्ष्य में सौहार्दपूर्ण स्वागत एवं बधाई संदेश के साथ हुआ। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में एसपी मंडलोई ने कहा कि आरक्षक पद पुलिस बल की रीढ़ की हड्डी होता है। समाज में कानून-व्यवस्था की स्थापना, जनमानस में सुरक्षा का विश्वास और अपराध नियंत्रण में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं केंद्रीय होती है। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि कर्तव्यबोध, अनुशासन, और सेवा भावना से परिपूर्ण एक सद्गुण आधारित दायित्व है। नव आरक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह अपेक्षा व्यक्त की कि वे जनता के प्रति संवेदनशील, निष्पक्ष, तथा अनुशासित आचरण को अपनी सेवा का आधार बनाएं। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में होने वाली प्रशिक्षण प्रक्रियाओं एवं मैदानी कर्तव्यों में सभी नव नियुक्त आरक्षकों को ईमानदारी, निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता की कसौटी पर पूर्ण खरे उतरना होगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी नव आरक्षकों को मुंह मीठा कराकर, उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दी गईं। यह अवसर नव नियुक्त कार्मिकों में आत्मविश्वास, सेवा के प्रति समर्पण एवं संगठन के प्रति गौरवबोध के भाव को प्रबल करने वाला सिद्ध हुआ।

---



# गुरु पूर्णिमा पर मिली निःशुल्क साइकिल रूपी सौगात

**पलेरा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विकासखंड पलेरा में अध्ययनरत ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को सौगात रूप में एक खास तोहफा दिया गया। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक के हाथों विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय माध्यमिक विद्यालय गंज पलेरा में किया गया, जिसमें पलेरा और आसपास के विद्यालयों शासकीय माध्यमिक विद्यालय नयागांव, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलेरा, और गंज पलेरा के छात्र-छात्राओं को यह लाभ दिया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम में बीएसी नीरेंद्र खरे, कांता प्रसाद, प्रधानाध्यापक बालादीन अहिरवार, इकबाल खान, रफीक खान, केशवदास गुप्ता, महेश खटीक, काशीराम यादव, संजय रजक, नीरज खरे सरपंच एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों की पहुंच को आसान और सुरक्षित बनाने की दिशा में यह पहल बेहद महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अब स्कूल आने-जाने में सुविधा मिलेगी और वे अपनी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विद्यालय परिवार ने इस सराहनीय पहल की सराहना करते हुए इसे ₹शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम₹ बताया गया।

**शिक्षा की राह हुई आसान, साइकिल पाकर खिले नन्हे चेहरे**

---

## समय पर नहीं खुल रहे विद्यालय, अभिभावकों की बढ़ रही नाराजगी

# कुड़याला स्कूल में अंधकारमय भविष्य क्लास रूम खाली, शिक्षक भी गायब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

देश भविष्य बनाने बाले और शिक्षा का मंदिर माने जाने वाले विद्यालय आज स्वयं अपने अंधकारमय भविष्य के शिकार हैं। और यह स्थिति शिक्षकों की लापरवाही व मनमानी की बजह बन रही है। ऐसी ही स्थिति का शिकार जिले के पलेरा विकासखंड के अंतर्गत आने बाला विद्यालय शासकीय माध्यमिक शाला कुड़याला में बीते दिनों से शिक्षकों की लगातार अनुपस्थिति और समय पर स्कूल न खुलने की शिकायतों ने बच्चों की पढ़ाई को अधर में डाल दिया है। ग्रामीणों और अभिभावकों में इस लापरवाही को लेकर गहरी नाराजगी है। जानकारी के अनुसार विद्यालय के शिक्षक समय पर उपस्थिति दर्ज नहीं करा रहे हैं, जिससे समय पर पहुंचने वाले विद्यार्थी बिना पढ़ाई किए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति सिर्फ एक-दो दिन की नहीं, बल्कि नियमित रूप से बनी हुई है, जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

विद्यालयों में शिक्षकों की जिम्मेदारी सिर्फ पाठ्यक्रम पढ़ाने की नहीं, बल्कि बच्चों को अनुशासन, समयबद्धता और शिक्षा के प्रति लगाव सिखाने की भी होती है, लेकिन जब शिक्षक ही लापरवाही बरतने लगें, तो यह पूरे शिक्षा तंत्र पर सवाल खड़े करता है। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि बाकी शिक्षक भी सतर्क रहें और शिक्षा का स्तर गिरने से रोका जा सके। यदि समय रहते विभागीय कार्रवाई नहीं हुई, तो बच्चों के शैक्षणिक भविष्य पर स्थायी असर पड़ सकता है।

---

# अस्पताल में चोरी की कोशिश गार्ड को देखकर भागा बदमाश

विदिशा। जिला चिकित्सालय में मरीजों और परिजनों के साथ हो रही चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। बुधवार को अस्पताल परिसर में एक युवक को चोरी करते हुए सुरक्षा गार्ड ने देखा, लेकिन वह भाग निकला। सुरक्षा एजेंसी के सुपरवाइजर भूपेंद्र गुर्जर ने कोतवाली थाना पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जांच और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।सुपरवाइजर ने बताया कि बीते महीनों में डॉक्टरों के कमरों से एसी आउटर, ऑक्सीजन पाइप की तांबे की लाइन, मरीजों के बैग और अन्य जरूरी सामान तक चोरी हो चुके हैं। इन घटनाओं से अस्पताल स्टाफ और प्रबंधन दोनों परेशान हैं।



---

## 15 दिन डोर टू डोर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के दिए गए निर्देश

# इलाज में आर्थिक तंगी नहीं बनेगी रोड़ा, कलेक्टर चलाएंगे अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में जनस्वास्थ्य सेवाओं के लाभ को सशक्त व सफल रूप देने की दिशा में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में प्रशासन ने एक ठोस पहल की है। जिसके तहत जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामय योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में लिया गया, जिसमें जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रह जाए। उन्होंने बीओसीडब्लूसी, धरती आबा और 70 रूपये शुल्क वाले कार्ड की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया और पाया कि कई हितग्राही अब भी सूची से बाहर हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर शेष हितग्राहियों की पहचान कर डोर टू डोर संपर्क किया जाए। आशा



कार्यकर्ताओं, सुपरवाइजरों और ग्राम रोजगार सहायकों की संयुक्त टीम बनाकर 15 दिनों में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है।

प्रशासन ने यह भी तय किया है कि प्रत्येक दिन की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर जिला कार्यालय को भेजी जाएगी, जिसकी निगरानी स्वयं कलेक्टर स्तर से की जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक स्तर पर उत्तरदायित्व तय किए गए हैं। बैठक में कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि जो कर्मचारी इस अभियान को गंभीरता से नहीं लेंगे, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कार्य में लापरवाही बरतने वालों को पहले तीन नोटिस दिए जाएंगे और उसके पश्चात निलंबन की सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रोशन सिंह, समस्त ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, जिला समन्वयक एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य स्पष्ट था कि जनता के स्वास्थ्य अधिकार को ठोस रूप में जमीन पर उतारना और यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति के पास स्वास्थ्य सुरक्षा की यह ढाल अर्थात आयुष्मान कार्ड अवश्य हो। जिससे कोई भी पात्र हितग्राही के इलाज में आर्थिक तंगी बाधा न बन सके। साथ ही सभी को समान स्वास्थ्य लाभ सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### श्रद्धा और समर्पण भाव के साथ श्रद्धालुओं ने मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

# कर्ता करे ना कर सके, पर गुरु किए सब होए, सात द्वीप नौ खंड में, मेरे गुरु से बड़ा ना कोए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

कर्ता करे ना कर सके, पर गुरू किए सब होये, सात द्वीप नौ खंड में, मेरे गुरू से बड़ा ना कोए। यह चौपाई गुरूवार को तब चरितार्थ होती नजर आई, जब सभी गुरूधामों पर शिष्यों ने पहुंचकर गुरूओं की चरण वंदना की। गुरू पूर्णिमा जिलेभर में श्रद्धा एवं समर्पण के साथ मनाई गई। रोचक आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला मुख्यालय से करीब 23 किलोमीटर दूर मेवाड़ा गांव में देखने को मिला, जहां हजारों की संख्या में हिन्दू धर्मावलंबियों ने पीर बाबा की मजार पर पहुंचकर गुरूदक्षिणा के रूप में कूंडा चढ़ाकर पीर बाबा का आशीर्वाद लिया।

गुरूपूर्णिमा के अवसर पर ग्राम मेवाडा में एक अनूठी मिसाल देखने को मिलती है। दरअसल मेवाड़ा गांव में बनी पीर बाबा की दरगाह पर हर साल की तरह गुरूपूर्णिमा के अवसर पर गांव के हिन्दू परिवार के लोग आस्था के साथ शामिल हुए। गांव के सभी परिवारों ने घरों से लड्डू-बाटी बनाकर दरगाह पर चढ़ाएं। इस परंपरा को कूंडा चढ़ाना भी कहा जाता है। पूरा गांव पीरबाबा को अपना गुरु मानता है, इसलिए गुरूपूर्णिमा के अवसर पर पीरबाबा की दरगाह पर चादरपोशी की रस्म अदा की गई। इसके बाद घरों से चूरमा-बाटी बनाकर लाए लोगों ने दरगाह पर कूंडा चढ़ाया। मान्यता यह भी है कि गांव की जिस लड़की शादी होती है वह शादी के बाद दरगाह पर दर्शन करने आती है, इसके अलावा शादी कर गांव में आने वाली दुल्हन के सिर पर कूंडा रखा जाता है जिसके बाद ही वह गांव और घर में प्रवेश करती है।



### यहां चरण वंदना के लिए पहुंचे शिष्य

शहर के जती घाट स्थित मधुवन आश्रम पर शहर सहित दूर-दूर से शिष्य चरण वंदना के लिए आते थे, यहां विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। इस दौरान शिष्यों ने आश्रम पर पहुंचकर संत मधुवनदास महाराज के समाधि परिसर में पूजन का गुरूपूर्णिमा पर्व मनाया। उधर रामजानकी मंदिर पर महंत रामभरोसे महाराज के शिष्यों ने गुरु महाराज का पूजन किया। यहां आयोजित श्रीमद भागवत कथा और यज्ञ का समापन भी किया गया। उधर पांढरीवासी महाराज स्वामी अनिरुद्ध देव जी का आश्रम पर शिष्यों ने गुरु पूजन किया। गायत्री माता मंदिर पर भी गुरूपूजन और भंडारा कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बडी संख्या में लोग प्रसादी पाने के लिए पहुंचे।



### अंचल में भी आस्था के साथ मनाया गुरूपूर्णिमा पर्व

शहर के अलावा, वीरपुर, बड़ौदा, कराहल, विजयपुर, सोंईकलां, मानपुर और ढोढर, में भी गुरूपूर्णिमा पर्व मनाया गया। अंचल में मौजूद देवरी धाम, गुरनावदा धूनी, सिरोनी हनुमान मंदिर, पठार हनुमान मंदिर, चंद्रपुरा, सोंईकलां के ज्वालापुर स्थित काली माता मंदिर,धमलोकी स्थित आश्रम सहित अन्य कई गुरूधामों पर भी बडी संख्या में शिष्य लोग पहुंचे,जहां गुरू पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान शिष्यों ने गुरूचरणों की वंदना करते हुए गुरू का आशीर्वाद लिया।

### मानपुर थाना क्षेत्र स्थित सीप नदी का मामला, मर्ग दर्ज जांच शुरू

# सीप नदी में बहे युवक का 24 घंटे बाद मिला शव,पीएम के बाद परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



मानपुर थाना क्षेत्र स्थित सीप नदी के रपटे को पार करते समय बह गए युवक का 24 घंटे बाद शव मिल गया है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने गुरूवार को नदी में बहे युवक के शव को बरामद कर पीएम के जिला अस्पताल भिजवाया। जहां पुलिस ने पीएम कराने के बाद उसके शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

यहां बता कि मानपुर निवासी गिर्राज 40 वर्ष पुत्र कन्हैया लाल खटीक बुधवार की सुबह सीप नदी के रपटे को पैदल पार करते हुए दूसरी तरफ जा रहा था, तभी वह पानी के बहाव के साथ बह गया और लापता हो गया। इसकी सूचना मिलने पर मानपुर टीआई पीएस यादव मौके पर पहुंचे और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। रात 9 बजे तक टीम ने युवक की नदी में तलाश की गई,लेकिन सफलता नहीं मिला। गुरुवार सुबह फिर से युवक की तलाशी के लिए अभियान शुरू किया और सुबह 9 बजे के करीब गिर्राज का शव नदी में मिल गया। टीआई पीएस यादव ने बताया कि पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# घर के दरवाजे खुले छोड़ने की बात पर बहू को पीटा, पति और ससुर पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

घर का दरवाजा खुला छोड देने की बात पर एक विवाहिता महिला की उसके ससुर और पति ने मिलकर मारपीट कर दी। यह मामला बडौदा कस्बे के इंद्रपुरा रोड बागर क्षेत्र का है। इस मामले में बडौदा थाना पुलिस ने पति और ससुर के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज कर ली है।




पुलिस ने बताया कि इंद्रपुरा रोड बागर बडौदा निवासी विवाहिता लक्ष्मी पत्नी संजू राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दो दिन पहले उसके ससुराल में घर का दरवाजा खुला रह जाने की बात को लेकर पति और ससुर के द्वारा विवाद करते हुए मारपीट कर दी गई। मारपीट के दौरान उसे चोट आई है। पुलिस ने लक्ष्मी राठौर की शिकायत पर उसके पति संजू राठौर और ससुर रामविलास राठौर के खिलाफ मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।


# ग्वालियर से सर्जरी कराकर आई महिला की ऑपरेशन कर बचाई जान

**श्योपुर मेडिकल कॉलेज के लाभ दिखाई पड़ने लगे जमीनी स्तर पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भले ही अभी श्योपुर के मेडिकल कॉलेज का संचालन शुरू नही हुआ हो,लेकिन इसका लाभ अभी से जिला वासियों को मिलना शुरू हो गया है और इस मेडिकल कॉलेज में पदस्थ होकर श्योपुर आए डॉक्टर जटिल से जटिल ऑपरेशन भी आए दिन कर रहे है। बुधवार को भी एक महिला का ऐसा जटिल ऑपरेशन किया गया जिसमें अगर देरी होती तो महिला की जान भी जा सकती थी।

खास बात यह है कि उक्त महिला पहले ग्वालियर से अपना ऑपरेशन करा कर आई थी लेकिन श्योपुर आने के बाद उसे दूसरी पीड़ा उभर आई जिसका तत्काल ऑपरेशन करना जरूरी था मेडिकल कॉलेज में मौजूद वरिष्ठ सर्जन डॉ विजेंद्र स्वरूप की टीम ने इस ऑपरेशन को कर न सिर्फ महिला की जान बचाई बल्कि जिला वासियों को यह संदेश भी दे दिया कि अब उन्हें किसी भी जटिल से जटिल ऑपरेशन के लिए जिले से रेफर होने की जरूरत नहीं पडेगी।



जानकारी के अनुसार एक महिला (नाम गुप्त) ग्वालियर में बच्चेदानी के ऑपरेशन कराकर श्योपुर लौटी थी और बाद में उसे हर्निया की समस्या हो गई थी। बार-बार ग्वालियर जाकर इलाज कराना उसके लिए कठिन हो रहा था। चूंकि इनसिज़नल हर्निया का ऑपरेशन एक जटिल सर्जरी होती है, इसलिए अच्छे सर्जन ग्वालियर के बाद जयपुर में ही उपलब्ध थे लेकिन परिजनों को ग्वालियर से ही पता चला कि इस तरह के ऑपरेशन करने के लिए चर्चित वरिष्ठ सर्जन डॉ विजेंद्र स्वरूप श्योपुर मेडिकल कॉलेज में सेवाएं दे रहे हैं।

परिजनों द्वारा संपर्क करने पर डॉ विजेंद्र स्वरूप तत्काल सर्जरी करने को तैयार हो गए और उन्होंने अपनी टीम के सहयोग से महिला का इनसिज़नल हर्निया सफल आपरेशन कर दिया। ज्ञात हो कि इनसिज़नल हर्निया श्योपुर जिले में पहली बार ऑपरेशन हुआ है। इस आपरेशन में डॉ.बीके शाक्य, डॉ योगेश रावत, नर्सिंग स्टाफ राजकुमारी, ममता, अतुल एवं बृजेश का भी सराहनीय सहयोग दिया।

# पीडीएस के चावल से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी, दो पर एफआईआर

**ट्रॉली में भरे थे 95 बोरी चावल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पीडीएस के चावल से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली गुरूवार की सुबह मानपुर थाना पुलिस के द्वारा पकडी गई है। ट्रॉली में करीब 95 बोरी पीडीएस का चावल भरा हुआ मिला है, जो कि मानपुर से राजस्थान में बेचने के लिए भेजा जा रहा था। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। मानपुर टीआई पीएस यादव ने बताया कि गुरूवार की सुबह सूचना मिली कि पीडीएस के चावल से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली सियापुर तलावदा मार्ग होते हुए राजस्थान में बिकने के लिए भेजी जा रही है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। जिसे सियापुर के पास से उक्त ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर थाना लाया गया। ट्रॉली में 95 बोरी चावल से भरी हुई मिली। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम को यहां बुलाकर चावल की जांच कराई तो जांच के दौरान चावल पीडीएस का ही निकला। आपूर्ति विभाग की जांच रिपोर्ट पर ट्रैक्टर चालक शब्बीर तथा ट्रैक्टर ट्रॉली मालिक राजेन्द्र सिंह त्यागी निवासी मानपुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के मामला दर्ज कर लिया है।

### दो दवा दुकानों के लाइसेंस निलंबित

श्योपुर। दो दवा दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए है। ड्रग इंस्पेक्टर मनीष कुशवाह ने बताया कि पाली रोड स्थित मेसर्स नैतिक मेडिकल स्टोर व फक्कड़ चौराहा स्थित मेसर्स श्री महाप्रभुजी मेडिकल एजेंसी का निरीक्षण कर नोटिस जारी किये गये। मेसर्स नैतिक मेडिकल स्टोर द्वारा कारण बताओ नोटिस का कोई जवाब प्रस्तुत नही किये जाने एवं मेसर्स श्री महाप्रभुजी मेडिकल एजेंसी का जवाब सन्तोषजनक नहीं पाये जाने के चलते दोनो मेडिकल स्टोर संचालकों के लाइसेंस दो-दो दिवस के लिए निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

### निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थियों को स्कूल दूर न लगे इसलिए मिल रही साइकिलः शशांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जो विद्यार्थी स्कूलों से दूर रहते हैं उन्हें स्कूलों के पास छात्रावास आश्रम में रहने के साथ-साथ खाने पीने की सुविधा सरकार उपलब्ध कराती है जो विद्यार्थी स्कूलों से मामूली दूरी पर रहते हैं उन्हें स्कूलों तक आने-जाने के लिए निशुल्क साइकिल वितरण सरकार की ओर से दी जाती है। आपको पढ़ाई में किसी तरह की परेशानी उठाने की जरूरत नहीं है, आप तो बस पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी सरकार पर छोड़ दो।

यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने आवासीय विद्यालय ढेंगदा में गुरुवार को आयोजित निशुल्क साइकिल वितरण समारोह के दौरान विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।



कार्यक्रम के बारे में बीआरसी हरिशंकर बाथम ने बताया कि, इस योजना के तहत, कक्षा 6 और 9 में प्रवेश लेने वाले छात्रों को साइकिलें दी जाती हैं, खासकर उन छात्रों को जिनके गांव में स्कूल नहीं है या स्कूल 2 किलोमीटर से अधिक दूर है। इस क्रम में विकासखण्ड श्योपुर अंतगर्त आने वाले स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओ को दो पहिया साइकिलों का वितरण किया। इस दौरान अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, डॉ अजय कुमार उपाध्याय एसीईओ जिला पंचायत श्योपुर, डॉ.पी.एस. गोयल डीपीस सहित अन्य विभागीय लोग तथा बच्चे मौजूद थे।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर हिंदू फ्रंट आज करेगा बाजार बंद,सौंपेगा ज्ञापन

**विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देश में जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर श्योपुर जिला मुख्यालय पर दो घंटे तक न सिर्फ शहर के बाजार को बंद करवाएगा,बल्कि कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा।

राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के श्योपुर जिलाध्यक्ष कमल सिंह गौतम ने बताया कि अब समय आ गया है कि हम दो हमारे दो नहीं, बल्कि सबके दो की नीति को जल्द लागू किया जाए। इसके लिए 11 जुलाई को पूरे देश के साथ श्योपुर जिला मुख्यालय पर भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके पूर्व दोपहर 11 बजे से 12 बजे एक घंटे के लिए राष्ट्रीय विचारधारा के नागरिकों की ओर से बाजार बंद किया जाएगा। इसके लिए सभी कार्यकर्ता शुक्रवार को 10:30 बजे श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर एकत्रित होगे।

यहां से बाजार बंद कराते हुए दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट पहुंचेगे, जहां पीएम के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपेगे और प्रधानमंत्री से जनसंख्या नियंत्रण कानून को लाए जाने की मांग करेंगे।

### किले के संरक्षण के लिए की जा रही प्लानिंग से भी दूर है डीएटीसी

# पर्यटकों से इंट्री फीस वसूलने तक सीमित रही डीएटीसी की किला विकास कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पर्यटक स्थल किला (संग्रहालय परिसर) में ऐतिहासिक महत्व के स्थलों को निहारने के लिए आने वाले सैलानियों को सुविधाएं बढ़ाने के नाम पर गठित की गई जिला पर्यटन पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसी) के गठन पर अब प्रश्नचिन्ह उठने लगे हैं। खासकर जब सभी को यह पता चल गया है कि किला को हेरिटेज होटल में तब्दील करने के लिए सरकार ने लीज पर दे दिया है। ऐसे में प्रश्न यही उठता है कि किला का असली वारिस कौन है क्या राज्य पर्यटन विकास विभाग को किला लीज पर देने के अधिकार थे, क्या किला के संरक्षण के लिए गठित की गई डीएटीसी की जिम्मेदारी सिर्फ पर्यटकों से प्रवेश शुल्क वसूलने तक ही सीमित थी।

किला परिसर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से तत्कालीन कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव एवं तत्कालीन एसडीएम रूपेश उपाध्याय ने जिला पर्यटन, पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसी) के संयुक्त तत्वाधान में एक कमेटी गठित की जिसका अध्यक्ष कलेक्टर एवं सचिव एसडीएम को बनाया गया। नगरपालिका, पर्यटन विकास विभाग, पुरातत्व विभाग को इसमें शामिल किया गया था। तब किला को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से इन विभागों ने संयुक्त रूप से काम किया और किला में आने वाले पर्यटकों से फीस भी वसूलना शुरू कर दिया लेकिन बाद में पर्यटन विकास विभाग ने किले को हेरिटेज होटल में तब्दील करने के उद्देश्य से किसी होटल व्यवसाई को लीज पर दे दिया। अब होटल व्यवसाई ने किले के गेट बंद कर उसे संवारने का काम शुरू कर दिया है लेकिन इसकी जानकारी डीएटीसी को शायद नहीं है या फ़िर डीएटीसी से जुड़े अधिकारी किला के लीज पर जाने के बाद खुद को भंग मानकर चुप बैठ गए हैं। विचारणीय प्रश्न यह भी है कि किला परिसर के भीतर संरक्षित इमारतें और सहरिया जनजाति की पहचान प्रदर्शित करने वाला संग्रहालय भी है क्या उनका अस्तित्व बचा रहेगा?



### टूरिज्म विभाग को सौंपने से और बदहाल हुए हालात

हाल ही में सरकार ने किला परिसर को पर्यटकों के लिहाज से और अधिक विकसित करने के गरज से मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग को हैंडओवर कर दिया है। राज्य टूरिज्म विभाग को जब से किला परिसर हैंडओवर हुआ है तब से इस परिसर में व्यवस्थाएं सुधरने के बजाय और अधिक बिगड़ गई है. टूरिज्म विभाग की चिड़िया नाम की भी कोई चीज ने यहां आकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण नहीं किया है अलबत्ता उसने इस किले को किसी होटल मैनेजमेंट को लीज पर दे दिया है. यानी नगर पालिका के माध्यम से जिस किले को मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग को विकसित करने के लिए सोपा गया था उसे टूरिज्म विभाग ने शहर वासियों की स्वीकृति के बिना बेचने की कवायद कर डाली। खरीददार भी अब अपनी मनमर्जी से सुविधा संचालित कर रहा है। अगर विदेशी पर्यटकों को यहां ठहरने की व्यवस्था की गई तो फिर स्थानीय तो छोड़ो देश के पर्यटकों की भी किला परिसर में एंट्री बंद हो जाएगी।

### वसूले 4 लाख रुपए, खर्च धेला भी नहीं

किला परिसर में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के लिए जिस डीएटीसी का गठन किया गया था उसे तत्कालीन एसडीम रूपेश उपाध्याय का नवाचार माना जाता है तत्कालीन कलेक्टर की अध्यक्षता में यह कमेटी गठित की गई थी जिसमें इस पर्यटक स्थल को और अधिक विकसित करने के लिए टिकट लगाने की व्यवस्था भी की थी तब से लेकर आज तक सैलानियों से प्रवेश शुल्क के रूप में 10 रुपए प्रति सैलानी से एंट्री फीस वसूली तो जाती है लेकिन इस रुपए से आज तक एक रुपया का विकास इस परिसर में नहीं हुआ, जबकि सूत्रों की माने तो इस समिति के फंड में अभी में 4 लाख रुपए जमा है। अब किला के लीज पर चले जाने के बाद वह फंड भी अनुपयोगी हो गया है।

### इनका कहना...

किला परिसर को राष्ट्रीय स्तर के होटल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से काम किया जा रहा है। यहां जो संरक्षित इमारतें और एंटीक मूर्तियां है उनसे छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। सहरिया संग्रहालय को भी और अधिक विस्तारित किया जाएगा। यह किला अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान हासिल करें यही हमारा प्रयास रहेगा।

**अर्पित वर्मा**
**कलेक्टर श्योपुर**

# बड़ौदा में मोबाइल की दुकान में चोरी करने वाले दो चोर पुलिस ने दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा कस्बे में रतोदन दरवाजा क्षेत्र स्थित मनमोहन शिवहरे की मोबाइल की दुकान में ताला तोडकर चोरी करने वाले दोनो चोरों को बडौदा थाना पुलिस ने दबोच लिया है। साथही उनके कब्जे से चोरी का माल भी बरामद कर लिया है।

बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि मनमोहन शिवहरे की मोबाइल दुकान में 7-8 जुलाई की दरमियानी रात्रि के दौरान चोरी हो गई। इस दौरान दुकान से मोबाइल फोन, चार्जर, नकदी रूपए आदि सामान चोरी हो गए। चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोरो का पता लगाने की कार्रवाई शुरू की गई। पहले इस चोरी को अंजाम देने वाले चोर कृष्णा पुत्र पूरन आदिवासी निवासी मउ, दिलीप पुत्र सतीश आदिवासी निवासी अचार वाला सहराना कराहल को चिन्हित किया और फिर उन्हें हिरासत में लेकर सख्ती के साथ पूछताछ की तो दोनों चोरो ने चोरी की वारदात को अंजाम देना न सिर्फ कबूल कर लिया,बल्कि उनकी निशानदेही पर चोरी का माल भी बरामद कर लिया।



इस कार्रवाई में बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर सहित प्रआ सुनील भार्गव, अखिलेन्द्र सिंह, आरक्षक राजकुमार माहौर, योगेश शाक्य, नर सिंह मीणा, मनोज शर्मा की अहम भूमिका रही है।

खबर संक्षेप



## 17 वर्षों से फरार 3 वारंटियों को पकड़ा

दिनारा। पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 3 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। दिनारा थाना प्रभारी अमित चतुर्वेदी को प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते 17 वर्षों से फरार आरोपी जीतू उर्फ जितेन्द्र पुत्र प्यारे लाल यादव 39 ग्राम जौहरया थाना जिगना जिला दतिया, जीवन लाल पुत्र भागीरथ जाटव 45 ग्राम कुडैन थाना दिनारा, मुरारी पुत्र हरप्रसाद जाटव उम्र 47 ग्राम ढांड को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

## जिले में 481-44 मि.मी औसत वर्षा दर्ज



शिवपुरी। जिले में 1 जून से अब तक 481.44 मि.मी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज तक 284.40 मि.मी औसत वर्षा हुई थी। भू.अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी है। गत वर्ष जिले में कुल 1291.84 मि.मी वर्षा रिकॉर्ड की थी। शिवपुरी में 464.50 मिमी, बैराड़ में 413 मिमी, पोहरी में 456 मिमी, नरवर में 661 मिमी, करैरा में 580 मिमी, पिछोर में 410 मिमी, कोलारस में 413.50 मिमी, बदरवास में 456 मिमी तथा खनियाधाना में 479 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

## छात्र-छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारियां

शिवपुरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणए नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए जबलपुर के निर्देशानुसार नालसा जागृति अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूलए हरिजन बस्तीए पिछोर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी एवं सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रंजना चतुर्वेदी के निर्देशन तथा अध्यक्षए तहसील विधिक सेवा समितिए पिछोर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन विधिक कर्मचारी धर्मेन्द्र राजोरिया द्वारा किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि व्यवहार न्यायाधीश ;वरिष्ठ खंड प्रियंका विश्वकर्मा द्वारा छात्र.छात्राओं को नालसा जागृति अभियान, मीडिएशन जागरूकता अभियानए निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता योजनाए लोक अदालतए साइबर क्रइम तथा मोटर व्हीकल अधिनियम आदि विषयों पर सरल एवं प्रभावी जानकारी दी गई। शिविर के समापन पर विद्यालय प्रभारी प्राचार्य आशीष वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बीना को मिला नवीन जनपद पंचायत भवन

बीना। विधानसभा में जल्द ही जनपद पंचायत कार्यालय को नवीन भवन मिलेगा। नवीन भवन के लिए शासन से 5 करोड़ 25 लाख की राशि स्वीकृत की है। उक्त राशि बीना विधायक निर्मला सप्रे की लंबे समय से चली आ रही मांग पर स्वीकृत की गई है। 9 सितंबर 2024 को बीना कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन के मंच से विधायक निर्मला सप्रे ने जनपद पंचायत के नवीन भवन की मांग मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष रखी थी। विधायक सप्रे की मांग पर मुख्यमंत्री यादव ने नवीन भवन की घोषणा की थी। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने के बाद जनपद पंचायत को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया भवन प्राप्त होगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भवन केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं, बल्कि बीना क्षेत्र के विकास, पारदर्शी प्रशासन और जनसेवा का नया केंद्र बनेगा। यह मेरे विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है।

### दो सैकड़ा छात्र-छात्राओं ने गुरुओं का सम्मान कर मनाई गुरु पूर्णिमा

# हमें आध्यात्मिकता व संस्कृति से जोड़ता है गुरु पूर्णिमा का पर्वः डाइट प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिक्षक दिवस और गुरु पूर्णिमा में बड़ा फर्क है क्योंकि शिक्षक सिर्फ किताबी या व्यवसायिक शिक्षा से संबंधित ज्ञान देता है जबकि गुरु हमें आध्यात्मिकता और नैतिकता की ओर ले जाता है। यह पर्व हमें हमारी संस्कृति से जोड़ता है। अगर किसी व्यक्ति को अपने जीवन में सफल होना है तो बगैर गुरु के यह संभव नहीं है। इसलिए हमारा देश जो की प्राचीन गुरू शिष्य परंपरा का देश हैए इसमें गुरुओं का सम्मान करना अनुकरणीय है। यह बात डाइट प्राचार्य एमयू शरीफ ने डाइट में आयोजित हुए गुरु पूर्णिमा महोत्सव को संबंध करते हुए कही। इस मौके पर मुख्य अतिथि बतौर सेवानिवृत वरिष्ठ व्याख्याता निधि मूले व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला योजना अधिकारी रोहिणी अवस्थी व एडीपीसी राजा बाबू आर्य सहित वरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्र गुप्ता, अनिल चौबे, राजेश श्रीवास्तव, सरिता लोधी, अनीता गुप्ता, मधुर मिलन भार्गव, प्रशांत गुप्ता व बबलू आदिवासी सहित डाइट के दो सैकड़ा छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



### गुरुओं का सम्मान कर मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को डाइट के छात्र.छात्राओं में गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान डाइट के छात्र-छात्राओं द्वारा न सिर्फ गुरुओं को पुष्पहार व अन्य सामग्री के साथ सम्मानित किया वहीं डाइट के छात्र-छात्राओं द्वारा देश की सनातन व प्राचीन परंपरा में गुरु की महत्ता को लेकर न सिर्फ प्रकाश डाला गया वरन शिष्यों के गुरुओं के प्रति समर्पण को लेकर संस्मरण भी सुनाए गए। इस दौरान डाइट से हाल ही में सेवा निवृत हुई वरिष्ठ व्याख्याता निधि मूले ने प्राचीन गुरू शिष्य परंपरा के संबंध में छात्र.छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारे देश की प्राचीन परंपरा है और इसे हमें छोड़ना नहीं है क्योंकि गुरु के आशीर्वाद बिना जीवन में उन्नति संभव नहीं है।

## गुरु पूर्णिमा पर महाकाल सेना संगठन ने ठाकुर बाबा मंदिर पर आयोजित किया भंडारा



करैरा। शिवपुरी में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर महाकाल सेना संगठन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोहरपुरा की पुलिया प्राचीन ठाकुर बाबा मंदिर पर भंडारें का आयोजन किया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिवपुरी, मध्य प्रदेश में भंडारें का आयोजन किया गया। इस भंडारें में महाकाल सेना संगठन के लोगों ने मिलकर भोजन और प्रसाद का वितरण किया। जिससे सभी भक्तजनों को भोजन प्राप्त हुआ। गुरु पूर्णिमा, जो 10 जुलाई को मनाई गई। एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है जो शिक्षकों और गुरुओं के सम्मान में मनाया जाता है। इस दिन भक्त अपने गुरुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनका आशीर्वाद लेते हैं। शिवपुरी में, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय लोगों ने मिलकर भंडारें का आयोजन किया। जिसमें सभी भक्तों को भोजन और प्रसाद वितरित किया गया। यह आयोजन, सभी महाकाल सेना के सहयोग से सफ ल रहा, और सभी ने एक-दूसरे के साथ मिलकर भोजन किया। जिससे समुदाय में एकता और प्रेम की भावना मजबूत हुई। भंडारें के आयोजन में, कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, और सभी ने मिलकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

### पिछोर में मनाया गुरु पूर्णिमा दिवस

# गुरु पूर्णिमा पर विधायक ने छात्रों को साइकिल बांटी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा छात्रों को दी जाने वाली निःशुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम को लेकर गुरु पूर्णिमा दिवस पर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिछोर में छात्रों को साइकिल वितरण की गई। विधायक द्वारा कार्यक्रम के दौरान गुरु पूर्णिमा दिवस पर सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। तथा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य दिनेश लोधी द्वारा मुख्य अतिथि महोदय का माल्यार्पण का स्वागत किया गया। इसके साथ ही विधायक द्वारा उद्बोधन के दौरान छात्रों को गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा शासन की योजनाओं की उपलब्धियां के बारे में बताते हुए कहा कि आज हमारी सरकार द्वारा सर्वाधिक नंबर लाने वाले छात्रों को निःशुल्क लेवटॉप, स्कूटी के साथ साथ साईकिल तथा गणवेश, जैसी अन्य कई योजनायों का लाभ दे रही है। आप सभी बच्चे इसका लाभ लें एवं अच्छी मेहनत के साथ पढ़ाई करें, ताकि आप भी अच्छे अंकों के साथ पास होकर ऊंचे मुकाम पर पहुंचे। इसके साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता द्वारा गुरु पूर्णिमा दिवस पर प्रकाश डाला गया। तथा शासन की ओर से छात्रों को मिलने बाली योजनाओं के बारे में भी बताया गया। प्रभारी प्राचार्य दिनेश लोधी द्वारा विद्यालय की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सौरभ शास्त्री द्वारा किया गया।

# स्वयं सहायता समूहों का बैंक क्रेडिट लिंकेज अवश्य कराएं



ललितपुर। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के महत्वपूर्ण घटकों में सम्मिलित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बैंक क्रेडिट लिंकेज में अपेक्षित प्रगति हेतु शेषनाथ चैहान, मुख्य विकास अधिकारी, ललितपुर की अध्यक्षता में विकासखण्ड जखौरा में संचालित बैंको के समस्त शाखा प्रबंधकों एवं विकास खण्ड जखौरा के समस्त ब्लाक मिशन प्रबंधक की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रमेश कुमार यादव, उपायुक्त (स्वतः रोजगार), सौरभ बर्नवाल, खण्ड विकास अधिकारी, जखौरा, रंजीत कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक, पीएनबी ललितपुर, समस्त बैंकों के जिला समन्वयक एवं जिला मिशन प्रबंधक (एनआरएलएम) भी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त (स्वतः रोजगार) के द्वारा बताया बताया गया कि विकासखण्ड जखौरा को सीसीएल हेतु पत्रावलियों के प्रेषण के लक्ष्य 220 के सापेक्ष 205 पत्रावलियों का प्रेषण विभिन्न बैंक शाखाओं में किया जा चुका है। तदोपरान्त मुख्य विकास अधिकारी एवं उपायुक्त (स्वतः रोजगार) के द्वारा बैंक शाखावार पे्रषित पत्रावलियों के निस्तारण के लिए संबंधित बैंक के शाखा प्रबंधकों से समीक्षा की गई।

### 10 स्वयं सहायता समूहों का लोन खाता बैंक ने खोला

समीक्षा में पाया गया कि अभी तक मात्र 10 स्वयं सहायता समूहों का लोन खाता बैंक के द्वारा खोला गया है एवं धनराशि वितरण की गई है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय के द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं निर्देशित किया गया कि 15 जुलाई तक समस्त पत्रावलियों का लोन खाता खोलकर धनराशि वितरण कर अवगत करायें। शाखा प्रबंधकों के द्वारा आश्वस्त किया गया कि आगामी एक सप्ताह में उनके द्वारा संबंधित स्वयं सहायता समूहों का सीसीएल कर धनराशि का वितरण कर दिया जायेगा। अग्रणी जिला प्रबंधक, ललितपुर के द्वारा उपस्थित शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द पत्रावलियों का अवलोकन कर बैंक सखी/ब्लाक मिशन प्रबंधक के सहयोग से सीसीएल का वितरण कराएं एवं प्रगति से अवगत भी करायें।

### कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी

मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए स्वयं सहायता समूहों का बैंक क्रेडिट लिंकेज अति आवश्यक है। इस कार्य को संवेदनशीलता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। उपायुक्त (स्वतः रोजगार) के द्वारा उपस्थित जिला मिशन प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन शाखा प्रबंधकों एवं ब्लाक मिशन प्रबंधकों से समन्वय करते हुए पे्रषित पत्रावलियों पर आवश्यक कार्यवाही कराते हुए सीसीएल खाता खुलवायें एवं धनराशि का वितरण कराएं, जिससे जनपद की प्रगति बेहतर हो सके। इस कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।



## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस ने कैडेट के साथ चलाया जागरूकता अभियान

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से कैडेट्स के साथ शहर के वर्णी चौराहे पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान मुख्य रूप से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, 4 पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंट बाजी न करना, ओवरस्पीडिंग न करना, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना और दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल चिकित्सीय सहायता हेतु जागरूक किया गया। उक्त के अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया और प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 57 वाहनों का चालान किया गया ।

### कार्यशाला में छात्रों को किया प्रेरित

# अभाविप संगठन नहीं, राष्ट्र निर्माण का विचारः रितुराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के चल रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत करैरा में एक प्रेरक सत्र करैरा भाग की भाग सदस्यता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें रितुराज यादव ने छात्रों को संगठन की विचारधारा और उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अभाविप केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि एक ऐसा विचार है, जो राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से प्रेरित होकर युवाओं को सशक्त बनाता है। रितुराज यादव ने कहा, आज जब देश को जागरूक, सक्रिय और राष्ट्रभक्त युवाओं की आवश्यकता है, तब अभाविप युवाओं को वह मंच प्रदान करता है जहाँ वे नेतृत्व करना सीखते हैं, सामाजिक बदलाव लाते हैं, शिक्षा व्यवस्था को सुधारते हैं और भारतीय संस्कृति की रक्षा करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि यदि उनके भीतर देश को बदलने का जुनून है और वे चाहते हैं कि युवा केवल डिग्री नहीं, बल्कि दिशा भी पाएँ, तो अइश्ढ से जुड़ें। उन्होंने कहा कि छात्र से नेतृत्व तक की यात्रा में अभाविप आपकी भूमिका को सार्थक बनाता है। कार्यक्रम में कई विद्यार्थियों ने सदस्यता अभियान में रुचि दिखाई और संगठन से जुड़ने की इच्छा जताई। आने वाले दिनों में महाविद्यालयों में भी ऐसे प्रेरक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# पर्यटन उद्योग के विकास में छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका

### पर्यटन व धरोहरों के संरक्षण की सम्भावनाओं पर कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्राम ककरूआ स्थित महाविद्यालय में पुरातत्व विभाग झांसी एवं इनटैक चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पर्यटन एवं धरोहरों के संरक्षण की सम्भावनाएं पर आयोजित कार्यशाला का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने किया, जबकि अध्यक्षता इनटैक संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने की। शुभारंभ अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष, इन्टैक चेप्टर संयोजक, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी डा. डी.के.शर्मा, मनोज वर्मा, पर्यटन अधिकारी हेमलता, पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल, रमाकान्त, डा.लतिका, डा.सुरेन्द्र प्रकाश मां संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलन किया। वक्ताओं ने कहा कि




बुन्देलखण्ड के पर्यटन स्थलों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर स्थानीय लोगों विशेषकर युवा एवं छात्रों की पर्यटन उद्योग के विकास में क्या भूमिका हो सकती है। सहायक अधीक्षण पुरातत्व अभियंता ने प्राचीन स्मारकों के संरक्षण की तकनीक के विषय पर प्रकाश डाला। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल देवगढ़ के दशावतार मंदिर के संरक्षण के सम्बन्ध में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। संयोजक इनटैक चैप्टर ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र विरासत एवं पर्यटन के क्षेत्र में समृद्ध है। जिनके संरक्षण किये जाने की आवश्यकता है। क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी झांसी द्वारा कार्यशला के विषय में संक्षिप्त परिचय दिया गया। इस क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करना इस कार्यशाला का उद्देश्य है। संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया। इस दौरान आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी प्रभांङ्न नगाइच, असि.प्रो.दिनेश श्रीवास्तव, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेद्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार, अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव, मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी प्रारंभ

शिवपुरी। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार जिले में वर्ष 2025 विपणन वर्ष 2025-26 की ग्रीष्मकालीन मूंग फ सल की खरीदी भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रारंभ की गई है। जिले में 19 जून से 5 जुलाई तक पंजीकृत किसानों से 8 अगस्त तक मूंग फसल की खरीदी की जाएगी। संबंधित किसान अपनी मूंग फ सल का विक्रय सेवा सहकारी संस्था मर्यादित कोटा तथा मार्केटिंग सोसायटी पिछोर पर निर्धारित समर्थन मूल्य पर कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में मूंग फसल के पंजीयन हेतु जिला उपार्जन समिति द्वारा सेवा सहकारी संस्था कोटा एवं पिछोरए विपणन सहकारी संस्था कोलारसए बदरवासए नरवरए करैराए पोहरी एवं खनियाधाना कुल 08 पंजीयन केन्द्र बनाए गए थे। जिस पर ग्रीष्मकालीन मूंग फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए 19 जून से 5 जुलाई 2025 तक मूंग का पंजीयन किया गया था।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने नगर अध्यक्षों की सूची को मंजूरी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर


उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने नगर अध्यक्षों की सूची को स्वीकृति प्रदान कर दी है। ललितपुर में रामनरेश दुबे को नगर की कमान सौंप दी गई है उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे के निर्देश पर जिला प्रभारी कुंवर मुकुट सिंह और डॉ दयाराम रजक जिलाध्यक्ष की संस्तुति पर तालबेहट में अमित सिंह बुंदेला, महरौनी में राकेश सेन एवं पाली में अतुल कुमार जैन को नगरों की जिम्मेदारी दी है। इस अवसर पर रजक ने कहा कि नगर की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है सभी कांग्रेस जनों से मिलकर कांग्रेस को राहुल गांधी के सपने को पूरा करना है जिस तरह हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, अविनाश पांडे प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आदेशों को पालन करते हुए कांग्रेस को मजबूत करना है। इस अवसर पर जसपाल सिंह बंटी मोहन सिंह चंदेल पंकज हुंडेत शशीकांत दीक्षित,संजीव चौरसिया राम सिंह यादव नीरज पाराशर इमरान खान असलम खान पवन विश्वकर्मा सीताराम राय नेहा तिवारी मुकेश रजक दयाशंकर रजक रवि राजा अभिषेक सिंघाई दीपक जैन बृजेश शांडिल्य आदि मौजूद थे।

### गुरु पूर्णिमा पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया

# गुरु का आंतरिक व्यक्तित्व उदार होता है- डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा पर्व बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सरस्वती पूजन, छात्राओं ने सभी गुरु जनों को रोली का टीका एवं नारियल भेंटकर सम्मान किया। पूर्ति गोस्वामी, अनुराधा ठाकुर, उमा कुशवाहा, प्रतीक्षा ने गुरु वंदना प्रस्तुत की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री का गुरु पूर्णिमा पर राज्य स्तरीय सीधा प्रसारण कॉलेज परिवार ने देखा। इस अवसर पर कॉलेज जन भागीदारी समिति अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सोनाली राय ने कहा कि हम सभी को माता-पिता शिक्षक एवं हमारे बड़े जनों ने मार्गदर्शन देकर समाज का एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बनाया हैं। इसलिए हमें सभी का सम्मान करते हुए अपना योगदान देते हुए गुरु शिष्य की परंपरा को आगे बढ़ाना है। कॉलेज प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर ने गुरु त्याग की मूर्ति है। गुरु के बिना हमारा जीवन अपूर्ण है हमें गुरु के बताएं मार्ग पर चलकर अपना जीवन सार्थक बनाना है। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर उमा लवानिया ने



कहा कि एक शिक्षक उसके पास जो जानकारी होती है उसे वह अपने शिष्य को दे देता है। लेकिन गुरु अपने आप को ही शिष्य को सौंप देता है। गुरु चिंतनशील, कर्मशील, विचारशील ,आध्यात्मिक, संस्कारवान, नैतिकता पूर्ण एवं सदमार्गी होता है। जो अपने द्वारा अपने शिष्य को बनाता है।

### ये छात्राएं रहीं प्रथम

मुख्य वक्ता डॉक्टर सुधीर तिवारी ने गुरु की तुलना नारियल से करते हुए कहा कि जैसे नारियल ऊपर से सख्त एवं अंदर से नरम होता है वैसे ही गुरु का आंतरिक व्यक्तित्व उदार होता है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दीपमाला सिंह ने किया। इस अवसर पर छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम उमा कुशवाहा, द्वितीय सुरभि दांगी, डाली चौरसिया एवं तृतीय स्थान पर हर्षिता लोधी, शिवानी कविता रही। चित्रकला में प्रथम आयुषी राय, द्वितीय सुरभि दांगी, भूमिका माझी एवं तृतीय स्थान पर हर्षिता लोधी रही। सांत्वना पुरस्कार में अंजलि विश्वकर्मा और रेनुका अहिरवार रही। गीत में प्रथम पूर्ति गोस्वामी रही। कार्यक्रम में डॉक्टर रश्मि जैन, प्रकाश चंद, निलेश शर्मा, डॉ दिनेश राय, डॉ हरिशंकर सेन, डॉ विशाल मिश्रा, प्रशांत कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।